**Series : FHE3G**

**SET ~ 2**

प्रश्न-पत्र कोड **4/3/2**

रोल नं.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

**नोट :**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं।

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

#

# हिन्दी (ब)
# HINDI (B)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* *अधिकतम अंक : **80***

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **16** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल चार खण्ड हैं – **क**, **ख**, **ग** और **घ**।*

*(iii)* ***खण्ड क** में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।*

*(iv)* ***खण्ड ख** में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।*

*(v)* ***खण्ड ग** पाठ्य-पुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।*

*(vi)* ***खण्ड घ** रचनात्मक लेखन पर आधारित है, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।*

*(vii)* *यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।*

## खण्ड क

## (अपठित बोध)

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर लिखिए : *7*

भोजन की बर्बादी से तात्पर्य उस भोजन से है जिसे खाया नहीं जाता और फेंक दिया जाता है। अनेक लोग अधिक मात्रा में भोजन खरीदते हैं और समाप्ति तिथि के बाद खोले बिना ही उसे फेंक दिया जाता है। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन द्वारा प्रकाशित आँकड़ों के अनुसार दुनियाभर में हर साल 1-3 अरब टन भोजन बर्बाद हो जाता है। यह आँकड़ा मानव उपयोग के लिए बनाए गए सभी खाद्य पदार्थों का एक-तिहाई है। दुनिया भर में लगभग एक अरब लोग कुपोषित या भूखे हैं। हम जिस भोजन को बर्बाद करने की प्रवृत्ति रखते हैं उसका केवल एक-चौथाई हिस्सा ही उन्हें ठीक से खिलाने में मदद कर सकता है। हमारे ग्रह पर उभर रही इस बड़ी समस्या का समाधान माँग के साथ खाद्य उत्पादन को संतुलित करना, खाद्य संचयन, भंडारण, प्रसंस्करण और वितरण प्रणालियों को बेहतर बनाना है। बर्बादी को सीमित करने के लिए अत्यधिक बिक्री को भी कम किया जा सकता है। प्रत्येक व्यक्ति एक योजना के साथ भोजन खरीदे और तैयार करे ताकि कम भोजन बर्बाद हो। खाद्य पुनर्चक्रण सबसे ज्ञात समाधानों में से एक है।

भोजन की बर्बादी पृथ्वी ग्रह पर सबसे बड़ी समस्याओं में से एक रही है जिसमें पृथ्वी को काफी हद तक प्रभावित किया है। इस समस्या को नियंत्रित कर आने वाली पीढ़ियों को भविष्य में होने वाली बड़ी समस्याओं जैसे ग्लोबल वार्मिंग और ग्रीन हाउस गैसों की पहुँच के कारण जलवायु परिवर्तन से बचा सकती है। खाद्य प्रणालियों की दक्षता में वृद्धि और भोजन की बर्बादी में कमी लाने के लिए नवाचार टेक्नोलॉजी व बुनियादी ढाँचे के संसाधनों में निवेश की आवश्यकता है। बर्बाद भोजन को कूड़ा खाद के रूप में इस्तेमाल करके भी पर्यावरण पर इसके दुष्प्रभाव को कम किया जा सकता है।

(i) इस गद्यांश में लेखक की चिंता का विषय है : *1*

(A) वैश्विक स्तर पर बढ़ता प्रदूषण का स्तर

(B) वैश्विक स्तर पर लोगों का कुपोषित होना

(C) विश्व स्तर पर होने वाली भोजन की बर्बादी

(D) विश्व की एक-तिहाई आबादी का भूखे रहना

(ii) मानवीयता के साथ-साथ भोजन की बर्बादी प्रभावित करती है : *1*

(A) पर्यावरण को

(B) जीव-जंतुओं को

(C) अर्थव्यवस्था को

(D) समाज को

(iii) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यान से पढ़िए और सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए : *1*

*कथन* : भोजन की बर्बादी जलवायु परिवर्तन का भी कारक है।

*कारण* : भूमि पर फेंका गया भोजन तीव्र मात्रा में ग्रीन हाऊस गैसों का उत्सर्जन करता है।

**विकल्प :**

(A) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं।

(B) कारण सही है, लेकिन कथन ग़लत है।

(C) कथन सही है, लेकिन कारण, कथन की ग़लत व्याख्या करता है।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(iv) भोजन की बर्बादी पर्यावरण को किस प्रकार क्षति पहुँचाती है ? इसे किस प्रकार कम किया जा सकता है ? *2*

(v) भोजन की बर्बादी से आप क्या समझते हैं और इसके क्या कारण हैं ? *2*

**2.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर लिखिए : *7*

क्रोध कार्य-कारण के संबंध ज्ञान में त्रुटि या भूल होने पर धोखा देता है। क्रोध करने वाला जिस ओर से दुख आता है उसी ओर देखता है, अपनी ओर नहीं। जिसने दुख पहुँचाया है उसका नाश हो या उसे दुख पहुँचे, क्रुद्ध का यही लक्ष्य होता है। न तो वह यह देखता है कि मैंने कुछ किया है या नहीं, और न ही इस बात का ध्यान करता है कि क्रोध के वेग में मैं जो कुछ करूँगा उसका परिणाम क्या होगा। यही क्रोध का अंधापन है। इसी से एक तो मनोविकार ही एक-दूसरे को परिमित किया करते हैं, ऊपर से बुद्धि या विवेक भी इन पर अंकुश रखता है। यदि क्रोध इतना उग्र हुआ कि मन में दुखदाता की शक्ति के रूप और परिणाम के निश्चय, दया, भय आदि और भावों के संचार तथा उचित-अनुचित के विचार के लिए जगह ही न रही तो बड़ा अनर्थ खड़ा हो जाता है, जैसे यदि कोई सुने कि उसका शत्रु बीस-पच्चीस आदमी लेकर उसे मारने आ रहा है और वह चट क्रोध में व्याकुल होकर बिना शत्रु की शक्ति का विचार और अपनी रक्षा का पूरा प्रबंध किए उसे मारने के लिए अकेले दौड़ पड़े, तो उसके मारे जाने में बहुत कम संदेह समझा जाएगा। अत: कारण के यथार्थ निश्चय के उपरांत, उसका उद्देश्य अच्छी तरह समझ लेने पर ही आवश्यक मात्रा और उपयुक्त स्थिति में ही क्रोध वह काम दे सकता है जिसके लिए उसका विकास होता है।

(i) क्रोध धोखा कब देता है ? *1*

(A) क्रोध करने वाले के मनोभावों का ज्ञान न होने पर

(B) कार्य-कारण के संबंध में भूल होने पर

(C) कार्य-कारण के संबंध में विश्वास होने पर

(D) दुख पहुँचाने वाले के व्यवहार का ज्ञान न होने पर

(ii) गद्यांश के मूल भाव को व्यक्त करने वाला/वाले कथन कौन-सा/से है/हैं ? उचित विकल्प चुनकर लिखिए : *1*

I. बुद्धि और विवेक की भावना मनोविकारों पर अंकुश लगाते हैं।

II. दुखदाता की शक्ति का विचार किए बिना अकेले भिड़ना मूर्खता है।

III. आवश्यक और उचित मात्रा में किया गया क्रोध भी अनुचित है।

IV. शत्रु के अहंकार मर्दन के लिए क्रोध जरूरी है।

(A) केवल II सही है। (B) केवल IV सही है।

(C) I और II दोनों सही हैं। (D) III और IV दोनों सही हैं।

(iii) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यान से पढ़िए और सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए : *1*

*कथन* : कारण और परिस्थिति के अनुरूप किया गया क्रोध ही उपयुक्त है।

*कारण* : परिस्थिति के अनुरूप बुद्धि का प्रयोग कर, परिमित क्रोध करने से भयंकर दुष्परिणामों से बचा जा सकता है।

**विकल्प :**

(A) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं।

(B) कारण ग़लत है, लेकिन कथन सही है।

(C) कथन सही है, लेकिन कारण, कथन की ग़लत व्याख्या करता है।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(iv) क्रोध को अंधा क्यों कहा गया है ? *2*

(v) क्रोध कब अनर्थकारी रूप धारण कर लेता है ? *2*

## खण्ड ख

### (व्यावहारिक व्याकरण)

**3.** निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(क) 'वह अपने तोतों से मीठी-मीठी बातें करते थे।' – वाक्य में से संज्ञा पदबंध चुनकर लिखिए।

(ख) 'मास्टर साहब चमड़े के चौड़े पंजों वाले बूट पहनते थे।' – वाक्य में से विशेषण पदबंध चुनकर लिखिए।

(ग) अव्यय पदबंध किसी भी वाक्य में क्या कार्य करते हैं ?

(घ) 'रिश्ते से शेष लोग भी फरार हो गए थे।' – वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(ङ) 'इस कोने से उस कोने तक शामियाना लगा दो।' – वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए।

**4.** निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-रूपांतरण' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(क) 'कलाकार का यह कर्तव्य है कि वह दर्शकों की रुचियों का परिष्कार करे।' रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद बताइए।

(ख) 'गाँव के लोग भी तताँरा के विरोध में आवाजें उठाने लगे।' – मिश्र वाक्य में रूपांतरण कीजिए।

(ग) 'मैं भाई साहब का अदब करता था इसलिए उनकी नज़र बचाकर पतंग उड़ाता था।' – सरल वाक्य में रूपांतरण कीजिए।

(घ) संयुक्त वाक्य को साधारण वाक्य में किस प्रकार रूपांतरित किया जाता है, लिखिए।

(ङ) 'समय की पाबंदी पर चार पन्नों का एक निबंध लिखिए।' – संयुक्त वाक्य में रूपांतरण कीजिए।

**5.** निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(क) 'घोड़ों की दौड़ देखने के लिए सैकड़ों लोग उपस्थित थे।' – वाक्य में रेखांकित पदों के स्थान पर एक समस्तपद और उसका भेद भी लिखिए।

(ख) 'घन के समान श्याम' – का समस्तपद बनाते हुए समास का नाम भी लिखिए।

(ग) 'चौराहा' पद किस समास का उदाहरण है और क्यों ?

(घ) बहुव्रीहि और द्विगु समास में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) तत्पुरुष समास का एक उदाहरण देते हुए उसका उत्तर पद लिखिए।

**6.** निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(क) 'आज मैं बीमार हो जाऊँ, तो तुम्हारे हाथ-पाँव फूल जाएँगे।' – पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(ख) 'अनुपयोगी वस्तु/व्यक्ति' अर्थ के लिए उचित मुहावरा लिखकर उसका वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(ग) 'पहाड़ होना' मुहावरे का वाक्य में इस तरह प्रयोग कीजिए कि उसका अर्थ स्पष्ट हो जाए।

(घ) 'वजीर अली कंपनी के वकील का ________ कर जंगलों में भाग गया।' रिक्त स्थान की पूर्ति उपयुक्त मुहावरे द्वारा कीजिए।

(ङ) 'मेरे दरजे में आओगे, तो दाँतों पसीना आ जाएगा, जब इंग्लिस्तान का इतिहास पढ़ना पढ़ेगा।' – पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

## खण्ड ग

## (पाठ्य-पुस्तक)

**7.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

उड़ गया अचानक लो, भूधर
फड़का अपार पारद के पर!
रव-शेष रह गए हैं निर्झर!
है टूट पड़ा भू पर अंबर!
धँस गए धरा में सभय शाल!
उठ रहा धुआँ, जल गया ताल!
– यों जलद-यान में विचर-विचर
था इंद्र खेलता इंद्रजाल।

(i) 'भूधर' के उड़ने से क्या अभिप्राय है ?

(A) पर्वतों के पंख लगना
(B) पर्वतों का अदृश्य होना
(C) पर्वतों का बादलों के पार जाना
(D) पर्वतों का आकाश की ऊँचाई को छूना

(ii) 'भूधर' किसके पंख लगाकर उड़ गए ?

(A) बादलों के (B) कल्पना के

(C) बारिश के (D) कोहरे के

(iii) 'रव-शेष रह गए हैं निर्झर' – का आशय है :

(A) केवल झरने दिखाई दे रहे हैं

(B) केवल झरनों की ध्वनि शेष रह गई है

(C) वृक्षों का अस्तित्व नष्ट हो गया है

(D) पर्वतों का अस्तित्व नष्ट हो गया है

(iv) 'है टूट पड़ा भू पर अंबर' – पंक्ति में अंबर के टूटने से क्या अभिप्राय है ?

(A) आकाश का धरती पर आक्रमण करना

(B) आकाश द्वारा धरती पर मूसलाधार वर्षा करना

(C) आकाश द्वारा धरती पर बिजली गिराना

(D) आकाश का टूट कर धरती पर आ गिरना

(v) काव्यांश में इंद्रजाल किसे कहा गया है ?

(A) पावस ऋतु में प्रकृति के पल-पल परिवर्तित रूप को

(B) इंद्र के बादलों रूपी यान पर विचरण करने को

(C) शाल के वृक्षों के गहरी खाई में छिप जाने को

(D) तालाबों के चारों तरफ उड़ते घने धुएँ को

**8.** काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(क) 'राह कुर्बानियों की न वीरान हो'– पंक्ति के संदर्भ में लिखिए कि देश के लिए बलिदान देने वाले सैनिक की क्या अभिलाषा है।

(ख) 'मनुष्यता' कविता में 'अभीष्ट मार्ग' पर आगे बढ़ते हुए कवि ने किस बात का ध्यान रखने की बात कही है ?

(ग) अपने ज़माने में बड़े-बड़े सूरमाओं की धज्जियाँ उड़ाने वाली तोप की वर्तमान समय में क्या स्थिति है ?

(घ) 'आत्मत्राण' कविता को पढ़ने के बाद, उसके कवि की किन दो विशेषताओं को आप अपने चरित्र में समायोजित करना चाहेंगे और क्यों ?

**9.** निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

अपने हेडमास्टर साहब को ही देखो । एम.ए. हैं कि नहीं और यहाँ के एम.ए. नहीं, ऑक्सफोर्ड के । एक हज़ार रुपए पाते हैं; लेकिन उनके घर का इंतज़ाम कौन करता है ? उनकी बूढ़ी माँ । हेडमास्टर साहब की डिग्री यहाँ बेकार हो गई । पहले ख़ुद घर का इंतज़ाम करते थे । खर्च पूरा न पड़ता था । कर्ज़दार रहते थे । जब से उनकी माताजी ने प्रबंध अपने हाथों में लिया है, जैसे घर में लक्ष्मी आ गई है । तो भाईजान, यह गरूर दिल से निकाल डालो कि तुम मेरे समीप आ गए हो और अब स्वतंत्र हो । मेरे देखते तुम बेराह न चलने पाओगे । अगर तुम यों न मानोगे तो मैं (थप्पड़ दिखाकर) इसका प्रयोग भी कर सकता हूँ । मैं जानता हूँ, तुम्हें मेरी बातें ज़हर लग रही हैं । . . . . .

(i) हेडमास्टर साहब और उनकी माताजी का उदाहरण यहाँ किस उद्देश्य से दिया गया है ?

(A) हेडमास्टर साहब और उनकी माताजी का संबंध बताने के लिए

(B) छोटे भाई को जीवन में अनुभव का महत्त्व बताने के लिए

(C) छोटे भाई के जीवन में अपना प्रभुत्त्व जमाने के लिए

(D) हेडमास्टर साहब का खर्चीला स्वभाव दर्शाने के लिए

(ii) 'हेडमास्टर साहब की डिग्री यहाँ बेकार हो गई' – कथन में 'यहाँ' से क्या अभिप्राय है ?

(A) स्कूल के प्रबंधन में (B) घर के प्रबंधन में

(C) समय के प्रबंधन में (D) कर्ज़दारों के प्रबंधन में

(iii) 'एम.ए. हैं कि नहीं, और यहाँ के नहीं, ऑक्सफोर्ड के' – इस कथन में किस बात पर कटाक्ष किया गया है ?

(A) हेडमास्टर साहब के विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करने पर

(B) हेडमास्टर साहब के बहुत अधिक शिक्षित होने पर

(C) भारतीय शिक्षण संस्थानों से अधिक विदेशी संस्थानों को महत्त्व देने पर

(D) शिक्षित भारतीयों से अधिक शिक्षित विदेशी लोगों को महत्त्व देने पर

(iv) गद्यांश से बड़े भाई साहब के चरित्र के विषय में क्या पता चलता है ?

(A) वे उपदेश देने की कला में निपुण थे

(B) वे छोटे भाई पर बल का प्रयोग करते थे

(C) वे छोटे भाई पर अपना नियंत्रण नहीं खोना चाहते थे

(D) वे अपने अधिकार और कर्तव्य दोनों के प्रति सचेत थे

(v) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यान से पढ़िए और सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए :

*कथन* : मेरे देखते तुम बेराह न चलने पाओगे।

*कारण* : छोटे भाई की देखभाल करना, बड़े भाई की ज़िम्मेदारी है।

**विकल्प :**

(A) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं।

(B) कथन ग़लत है, लेकिन कारण सही है।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(D) कथन सही है, लेकिन कारण, कथन की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

**10.** गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(क) 'आज हम आज़ादी की जिस हवा में साँस ले रहे हैं उसे पाने के लिए हमारे पूर्वजों ने अंग्रेज़ सरकार के अनेक अत्याचार सहे।' 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर इसकी पुष्टि कीजिए।

(ख) 'तताँरा-वामीरो कथा' पाठ में वैवाहिक संबंध के लिए वर-वधू दोनों का एक ही गाँव का होना आवश्यक बताया गया है। इस संबंध में आपके क्या विचार हैं, स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'तीसरी क़सम' फ़िल्म अभिनय के दृष्टिकोण से राजकपूर के जीवन की सबसे सुंदर फ़िल्म थी, सिद्ध कीजिए।

(घ) जीव-जंतुओं के प्रति व्यवहार में निदाफ़ाज़ली की माँ और पत्नी के व्यवहार के अंतर 'अब कहाँ दूसरों के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर लिखिए।

**11.** पूरक पाठ्य-पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 – 50 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) 'शहर के जाने-माने डॉक्टर और भरे-पूरे परिवार का बालक होते हुए भी टोपी का इफ़्फ़न की हवेली की तरफ बरबस खींचे चले जाना' – इसका क्या कारण हो सकता है और इससे क्या पता चलता है ? 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर लिखिए।

(ख) 'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर गाँव वालों की शिक्षा के प्रति अरुचि का पता चलता है। वर्तमान समाज में शिक्षा के प्रति लोगों के दृष्टिकोण में क्या परिवर्तन आया है ? स्पष्ट कीजिए।

(ग) हरिहर काका के जीवन में ऐसा क्या घटित हुआ कि उनका जीवन से मोह भंग हो गया ? इस मोह भंग का क्या परिणाम निकला ? स्पष्ट कीजिए।

## खण्ड घ
### (रचनात्मक लेखन)

**12.** (क) ''दीवाली की रात, पूरा शहर दीयों की रोशनी में नहाया हुआ था और रवि के घर के बाहर लगे गेट से सटा गुड्डू .........'' इस पंक्ति से शुरुआत करते हुए लगभग 100 शब्दों में लघुकथा लिखिए। *5*

**अथवा**

(ख) दसवीं व बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों की विज्ञान विषय की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षाओं संबंधी जानकारी देने हेतु, विद्यालय प्रशासन की ओर से विद्यालय की वेबसाइट पर डालने हेतु लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।

**13.** निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी ***एक*** विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : *5*

(क) किशोरों में बढ़ती स्क्रीन लत
- स्क्रीन लत से अभिप्राय
- होने वाली हानियाँ
- दूर रहने के उपाय

(ख) जब मेरी पहली कविता/कहानी समाचार-पत्र में छपी
- लेखन में रुचि
- रचना छपने पर प्रसन्नता की अनुभूति
- मित्रों और संबंधियों द्वारा शुभकामनाएँ

(ग) मित्रों के साथ स्टेडियम में मैच देखने की अनुभूति
- खेल और खिलाड़ियों को प्रत्यक्ष देखना
- स्टेडियम का वातावरण
- मित्रों के साथ से दोगुना आनंद

**14.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए : *5*

(क) प्रार्थना सभा के दौरान, अंतर्विद्यालयी प्रतियोगिता हेतु नुक्कड़ नाटक का अभ्यास करने की अनुमति माँगते हुए देव/देवांशी, सचिव सांस्कृतिक कला परिषद की ओर से विद्यालय के प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखिए।

**अथवा**

(ख) 'कोचिंग संस्थानों का दिनोंदिन बढ़ता माया-जाल' विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए किसी प्रतिष्ठित दैनिक हिंदी समाचार-पत्र के संपादक को, देव/देवांशी, अ.ब.स. नगर, चैन्नई की ओर से एक पत्र लिखिए।

**15.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए : *4*

(क) आप अनुपम/अनुपमा हैं और गाज़ियाबाद की क.ख.ग. सोसाइटी के सचिव हैं। सोसाइटी की ओर से वृद्धजनों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसकी जानकारी देने हेतु एक सूचना तैयार कीजिए।

**अथवा**

(ख) आप विद्यालय के विद्यार्थी परिषद के अध्यक्ष अनुपम/अनुपमा हैं। अपने क्षेत्र में गर्मी के बढ़ते हुए दुष्प्रभाव से बचने के लिए आपके विद्यालय में छात्रों के लिए एक-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। छात्रों को इसकी जानकारी देने के लिए एक सूचना तैयार कीजिए।

**16.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन लिखिए : *3*

(क) पर्यावरण मंत्रालय की ओर से पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

(ख) आपके बड़े भाई साहब ने कक्षा दस के छात्रों को गणित व विज्ञान विषय की ऑनलाइन कक्षाएँ देने का निश्चय किया है। इस संबंध में जानकारी देने हेतु एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

<u>**अत्यंत गोपनीय-केवल आंतरिक एवं सीमित प्रयोग हेतु**</u>

## सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा, 2024-25

## अंक-योजना

## हिंदी 'ब' विषय कोड—085

## प्रश्न-पत्र कोड-- 4/3/1, 4/3/2, 4/3/3

सामान्य निर्देश:-

1. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है, जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा-प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को पढ़ और समझ लें।

2. मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है क्योंकि यह आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किए गए मूल्यांकन तथा कई अन्य पहलुओं से संबंधित है | इसका किसी भी तरह से सार्वजनिक रूप से लीक होना परीक्षा- प्रणाली के पटरी से उतरने का कारण बन सकता है और लाखों परीक्षार्थियों के जीवन और भविष्य को प्रभावित कर सकता है | इस नीति /दस्तावेज को किसी को भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना IPC के तहत कार्यवाही को आमंत्रित कर सकता है |

3. मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह और निष्ठापूर्वक किया जाए। हालाँकि, मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ।

4. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करें और आश्वस्त हों कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को बाकी उत्तर-पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब वह आश्वस्त हों कि उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।

5. परीक्षक सही उत्तर पर सही का निशान (√) लगाएँ और गलत उत्तर पर गलत का (×) । मूल्यांकन-कर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।

6. यदि किसी प्रश्न का उपभाग हो तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर दायीं ओर अंक दिए जाएँ। बाद में इन उपभागों के अंकों का योग बायीं ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।

7. यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो तो बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

8. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों उन्हें ही स्वीकार करें और उन्हीं पर अंक दें।

9. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।

10. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0 – 80 (उदाहरण 0--80 अंक जैसा कि प्रश्न-पत्र में दिया गया है) का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे अंक देने में संकोच न करें।

11. प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है। (विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

12. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में की जाती रही हैं-

- उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक देना
- उत्तर में दिए गए अंकों का योग ठीक न होना
- उत्तर-पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि
- योग करने में अंकों और शब्दों में अंतर होना
- उत्तर पुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि
- उत्तरों पर सही का चिह्न (√) लगाना किंतु अंक न देना

13. प्रत्येक परीक्षक यह भी सुनिश्चित करें कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन किया जाए, शीर्षक पृष्ठ पर की गई प्रविष्टि सही हो तथा कुल अंकों को आँकड़ों और शब्दों में लिखें।

14. उम्मीदवार निर्धारित प्रसंस्करण शुल्क के भुगतान पर अनुरोध कर उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने के हकदार हैं। अतः सभी मुख्य परीक्षकों/ अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों/ परीक्षकों/ समन्वयकों को एक बार फिर से याद दिलाया जाता है कि उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मूल्यांकन योजना में दिए गए प्रत्येक उत्तर के लिए मूल्य-बिंदुओं के अनुसार मूल्यांकन किया जाए।

# Series: FHE3G प्रश्न-पत्र कोड 4/3/1, 4/3/2, 4/3/3

## अंक योजना

## हिंदी 'ब'(085)

| प्रश्न सं. | 4/3/1 | 4/3/2 | 4/3/3 | मूल्यांकन बिंदु | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **खंड - क**<br>**(अपठित बोध)** | |
| **1** | **1** | **2** | **1** | **अपठित गद्यांश** पर आधारित बहुविकल्पीय/वस्तुपरक प्रश्न : | (7) |
| | (i) | (i) | (i) | (B) कार्य-कारण के संबंध में भूल होने पर | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (C) I और II दोनों सही हैं। | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (D) कथन तथा कारण दोनों सही है तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है। | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | • केवल दुख पहुँचाने वाले का नाश चाहना<br>• अपनी त्रुटि या क्रोध के परिणाम का विचार न करना<br>• दुखदाता की शक्ति के रूप और परिणाम का विचार किए बिना उससे भिड़ना | 2 |
| | (v) | (v) | (v) | • उचित-अनुचित का विचार न करने पर<br>• शत्रु की शक्ति का विचार किए बिना अकेले ही उसे मारने के लिए निकलने पर | 2 |
| **2** | **2** | **1** | **2** | **अपठित गद्यांश** पर आधारित बहुविकल्पीय/वस्तुपरक प्रश्न : | (7) |
| | (i) | (i) | (i) | (C) विश्व स्तर पर होने वाली भोजन की बर्बादी | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (A) पर्यावरण को | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है। | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | किस प्रकार क्षति-<br>• फेंके गए भोजन से ग्रीन हाऊस गैसों का उत्सर्जन, पर्यावरण के लिए हानिकारक<br>• ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन का भी कारक<br>किस प्रकार कम-<br>• नवाचार टेक्नोलॉजी का प्रयोग, बुनियादी ढाँचे का विकास<br>• बर्बाद भोजन का कूड़ा खाद के रूप में प्रयोग, खाद्य पुनर्चक्रण | 1+1 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | (v) | (v) | (v) | क्या-<br>● खाने के बजाए फेंक दिया जाना<br>कारण-<br>● अधिक मात्रा में भोजन खरीदना<br>● समाप्ति तिथि के बाद खोले बिना ही भोजन को फेंका जाना | 1+1 |
| | | | | **खंड – ख**<br>**(व्यावहारिक व्याकरण)** | |
| **3** | **3** | **3** | **3** | **'पदबंध'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | 1x4=4 |
| | (क) | - | - | क्रिया के संपन्न होने की रीति, मात्रा, स्थान या काल का बोध | 1 |
| | (ख) | - | - | रहस्यात्मक और भयावनी | 1 |
| | (ग) | - | - | भीगे हुए बादाम की गिरी | 1 |
| | (घ) | - | - | क्रिया पदबंध | 1 |
| | (ङ) | - | - | क्रिया विशेषण (अव्यय) पदबंध, शाबाशी देने की रीति की विशेषता | ½+½ |
| | - | (क) | - | मीठी-मीठी बातें | 1 |
| | - | (ख) | - | चमड़े के चौड़े पंजों वाले | 1 |
| | - | (ग) | - | क्रिया के संपन्न होने की रीति, मात्रा, स्थान या काल का बोध | 1 |
| | - | (घ) | - | क्रिया पदबंध | 1 |
| | - | (ङ) | - | क्रिया विशेषण (अव्यय) पदबंध, 'लगाना' क्रिया की स्थान संबंधी विशेषता | ½+½ |
| | - | - | (क) | नीली-पीली | 1 |
| | - | - | (ख) | लाल टोपी वाला एक सिपाही | 1 |
| | - | - | (ग) | क्रिया पदबंध | 1 |
| | - | - | (घ) | क्रिया विशेषण (अव्यय) पदबंध, 'जाना' क्रिया की विशेषता (रीति/ढंग) | ½+½ |
| | - | - | (ङ) | क्रिया के संपन्न होने की रीति, मात्रा, स्थान या काल का बोध | 1 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **4** | **4** | **4** | **4** | **'रचना के आधार पर वाक्य भेद'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | 1x4=<br>4 |
| | (क) | - | - | संयोजक/योजक/ समुच्चय बोधक शब्द को हटाकर एक प्रधान क्रिया रखते हुए | 1 |
| | (ख) | - | - | मिश्र वाक्य | 1 |
| | (ग) | - | - | शैलेन्द्र के जो गीत थे वे दुरूह न होकर भाव-प्रवण थे। | 1 |
| | (घ) | - | - | भाई साहब मुझे गले लगाकर बोले। | 1 |
| | (ङ) | - | - | भाई साहब ने वहीं हाथ पकड़ लिया और उग्र भाव से बोले। | 1 |
| | - | (क) | - | मिश्र वाक्य | 1 |
| | - | (ख) | - | गाँव के जो लोग थे वे भी तताँरा के विरोध में आवाजें उठाने लगे थे। | 1 |
| | - | (ग) | - | भाई साहब का अदब करने के कारण मैं उनकी नज़र बचाकर पतंग उड़ाता था। | 1 |
| | - | (घ) | - | संयोजक/योजक/ समुच्चय बोधक शब्द को हटाकर एक प्रधान क्रिया रखते हुए | 1 |
| | - | (ङ) | - | समय की पाबंदी पर एक निबंध लिखिए और वह चार पन्नों का हो। | 1 |
| | - | - | (क) | सरल वाक्य | 1 |
| | - | - | (ख) | संयोजक/योजक/ समुच्चय बोधक शब्द को हटाकर एक प्रधान क्रिया रखते हुए | 1 |
| | - | - | (ग) | तताँरा की जो तलवार थी वह लोगों के लिए विलक्षण रहस्य थी। | 1 |
| | - | - | (घ) | जुलूस धर्मतल्ले के मोड़ पर पहुँचकर टूट गया। | 1 |
| | - | - | (ङ) | बड़े भाई साहब ने पतंग की डोर पकड़ी और वे बेतहाशा हॉस्टल की ओर दौड़े। | 1 |
| **5** | **5** | **5** | **5** | **'समास'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | 1x4=<br>4 |
| | (क) | - | - | बहुव्रीहि समास- दोनों पद प्रधान न होकर अन्य पद प्रधान जैसे त्रिनेत्र-तीन हैं नेत्र जिसके अर्थात शिव, दशानन- दस हैं आनन जिसके अर्थात रावण<br>द्विगु समास- प्रथम पद संख्यावाची जैसे- पंचवटी-पाँच वटों (वृक्षों) का समूह, नवनिधि-नौ निधियों का समूह | ½+½ |
| | (ख) | - | - | प्रसंगानुकूल – अव्ययीभाव | ½+½ |
| | (ग) | - | - | शुभागमन – कर्मधारय | ½+½ |
| | (घ) | - | - | द्विगु समास, प्रथम पद संख्यावाची | ½+½ |
| | (ङ) | - | - | आजीवन – 'आ' अव्यय (अन्य उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य) | ½+½ |
| | - | (क) | - | घुड़दौड़ – तत्पुरुष समास | ½+½ |
| | - | (ख) | - | घनश्याम – कर्मधारय समास | ½+½ |
| | - | (ग) | - | द्विगु समास, प्रथम पद संख्यावाची | ½+½ |
| | - | (घ) | - | बहुव्रीहि समास- दोनों पद प्रधान न होकर अन्य पद प्रधान जैसे त्रिनेत्र-तीन हैं नेत्र जिसके अर्थात शिव, दशानन- दस हैं आनन जिसके अर्थात रावण | ½+½ |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | द्विगु समास- प्रथम पद संख्यावाची जैसे- पंचवटी-पाँच वटों (वृक्षों) का समूह, नवनिधि-नौ निधियों का समूह | |
| | - | (ङ) | - | जेबखर्च – उत्तर पद 'खर्च' (अन्य उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य) | ½+½ |
| | - | - | (क) | बहुव्रीहि समास- दोनों पद प्रधान न होकर अन्य पद प्रधान जैसे त्रिनेत्र-तीन हैं नेत्र जिसके अर्थात शिव, दशानन- दस हैं आनन जिसके अर्थात रावण<br>द्विगु समास- प्रथम पद संख्यावाची जैसे- पंचवटी-पाँच वटों (वृक्षों) का समूह, नवनिधि-नौ निधियों का समूह | ½+½ |
| | - | - | (ख) | अश्रुगैस/आँसूगैस – तत्पुरुष | ½+½ |
| | - | - | (ग) | कमलनयन – कर्मधारय | ½+½ |
| | - | - | (घ) | द्विगु समास, प्रथम पद संख्यावाची | ½+½ |
| | - | - | (ङ) | प्रथम पद अव्यय और समस्त पद का भी अव्यय की तरह कार्य करना जैसे- आमरण, यथासमय आदि। (अन्य उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य) | ½+½ |
| **6** | **6** | **6** | **6** | **'मुहावरे'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | 1x4= 4 |
| | (क) | - | - | दाँतों पसीना आना – उचित वाक्य प्रयोग | ½+½ |
| | (ख) | - | - | बाट जोहना / राह देखना (अन्य उपयुक्त मुहावरे भी स्वीकार्य) | 1 |
| | (ग) | - | - | 'अपमानित करना' अर्थ को व्यक्त करने वाला उचित वाक्य प्रयोग | 1 |
| | (घ) | - | - | आग बबूला होना/ आपे से बाहर होना | 1 |
| | (ङ) | - | - | टका सा जवाब देना (अन्य उपयुक्त मुहावरे भी स्वीकार्य) | 1 |
| | - | (क) | - | हाथ-पाँव फूलना – उचित वाक्य प्रयोग | ½+½ |
| | - | (ख) | - | दूध की मक्खी – उचित वाक्य प्रयोग | ½+½ |
| | - | (ग) | - | 'कठिन कार्य होना' अर्थ को व्यक्त करने वाला उचित वाक्य प्रयोग | 1 |
| | - | (घ) | - | काम तमाम करना | 1 |
| | - | (ङ) | - | दाँतों पसीना आना – उचित वाक्य प्रयोग | ½+½ |
| | - | - | (क) | आटे-दाल का भाव पता चलना – उचित वाक्य प्रयोग | ½+½ |
| | - | - | (ख) | खाल खींचना/ चमड़ी उधेड़ना (अन्य उपयुक्त मुहावरे भी स्वीकार्य) | 1 |
| | - | - | (ग) | दाँतों पसीना आना – उचित वाक्य प्रयोग | ½+½ |
| | - | - | (घ) | 'एक-एक अक्षर रटना/ अच्छी तरह याद करना' अर्थ को व्यक्त करने वाला उचित वाक्य प्रयोग | 1 |
| | - | - | (ङ) | घुटने टेकने / हथियार डालने (अन्य उपयुक्त मुहावरे भी स्वीकार्य) | 1 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **खंड – ग**<br>**(पाठ्य-पुस्तक)** | |
| **7** | **7** | 9 | 8 | **'पठित गद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर : | 1 x 5 **= 5** |
| | (i) | (i) | (i) | (B) छोटे भाई को जीवन में अनुभव का महत्व बताने के लिए | |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (B) घर के प्रबंधन में | |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (C) भारतीय शिक्षण संस्थानों से अधिक विदेशी संस्थानों को महत्व देने पर | |
| | (iv) | (iv) | (iv) | (D) वे अपने अधिकार और कर्त्तव्य दोनों के प्रति सचेत थे | |
| | (v) | (v) | (v) | (C) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है। | |
| **8** | **8** | 10 | 9 | **'गद्य खंड'** पर आधारित किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर (लगभग 25-30 शब्दों में ) – | **2 x 3 = 6** |
| | (क) | (क) | (क) | • आज़ादी हमारे पूर्वजों के बलिदान का परिणाम<br>• अंग्रेज सरकार की क्रूरता और अत्याचार का सामना जैसे- लाठियाँ-गोलियाँ खाना, जेल-यातनाएँ सहना आदि | 2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | • तर्कपूर्ण अभिव्यक्ति पर आधारित उपयुक्त उत्तर स्वीकार्य | 2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | • लोकप्रिय फ़िल्मी अभिनेता के तौर-तरीके छोड़कर देहाती गाड़ीवान का सहज, भावपूर्ण और जीवंत अभिनय<br>• हीरामन के चरित्र के साथ एकाकार होकर उसकी आत्मा में उतर जाना | 2 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | • माँ : जीव-जंतुओं के प्रति मन में दया, सहानुभूति, करुणा की भावना, पक्षियों को न सताना, प्रकृति का आदर करना, अंडा टूट जाने पर रोजा रखना<br>• पत्नी : जीव-जंतुओं के प्रति दया और सहानुभूति का कम होना, पक्षियों के आवागमन से होने वाली परेशानी से बचने के लिए जाली लगवाना | 1+1 |
| **9** | **9** | 7 | 10 | **'पठित काव्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर : | 1 x 5 **= 5** |
| | (i) | (i) | (i) | (B) पर्वतों का अदृश्य होना | |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (A) बादलों के | |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (B) केवल झरनों की ध्वनि शेष रह गई है | |
| | (iv) | (iv) | (iv) | (B) आकाश द्वारा धरती पर मूसलाधार वर्षा करना | |
| | (v) | (v) | (v) | (A) पावस ऋतु में प्रकृति के पल-पल परिवर्तित रूप को | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **10** | **10** | 8 | 11 | **'काव्य खंड'** पर आधारित किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर (लगभग 25-30 शब्दों में ) – | (2x3 =6) |
| | (क) | - | - | • सामान्य संसारी जन का भौतिक सुख-सुविधा के साधनों में लिप्त होना<br>• कबीर का जागरूक और ज्ञानी होने के कारण लोगों की अज्ञानता से दुखी होना | 2 |
| | (ख) | - | - | • मतभेद होते हुए भी मनभेद न होना<br>• आपसी मेल-जोल न घटना, भिन्नता का भाव न होना<br>• सकारात्मक रहते हुए प्रसन्नतापूर्वक विपत्तियों का सामना करना<br>• लक्ष्य पर केंद्रित होना<br>• अपने साथ-साथ दूसरों के भी कल्याण की भावना रखना<br>(किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) | 2 |
| | (ग) | - | - | • शक्तिहीन एवं प्रदर्शन की वस्तु<br>• बच्चों की घुड़सवारी और चिड़ियों के बैठने की जगह<br>• गौरैया जैसी छोटी चिड़िया द्वारा तोप के मुँह में घुसकर उसका उपहास उड़ाना | 2 |
| | (घ) | - | - | विशेषताएँ -<br>• आत्मबल, साहस और पुरुषार्थ पर विश्वास<br>• ईश्वर के प्रति सदैव आस्था और विश्वास<br>(विद्यार्थियों के तर्कपूर्ण उपयुक्त उत्तर स्वीकार्य) | 1+1 |
| | - | (क) | - | • देश की रक्षा के लिए कुर्बानी देने वालों की संख्या में कमी न होना<br>• देशवासियों में देशभक्ति की भावना का सदैव बना रहना | 2 |
| | - | (ख) | - | • मतभेद होते हुए भी मनभेद न होना<br>• आपसी मेल-जोल न घटना, भिन्नता का भाव न होना<br>• सकारात्मक रहते हुए प्रसन्नतापूर्वक विपत्तियों का सामना करना<br>• लक्ष्य पर केंद्रित होना<br>• अपने साथ-साथ दूसरों के भी कल्याण की भावना रखना<br>(किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) | 2 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | - | (ग) | - | ● शक्तिहीन एवं प्रदर्शन की वस्तु<br>● बच्चों की घुड़सवारी और चिड़ियों के बैठने की जगह<br>● गौरैया जैसी छोटी चिड़िया द्वारा तोप के मुँह में घुसकर उसका उपहास उड़ाना | 2 |
| | - | (घ) | - | विशेषताएँ -<br>● आत्मबल, साहस और पुरुषार्थ पर विश्वास<br>● ईश्वर के प्रति सदैव आस्था और विश्वास<br>(विद्यार्थियों के तर्कपूर्ण उपयुक्त उत्तर स्वीकार्य) | 2 |
| | - | - | (क) | ● अत्यधिक सर्द-गर्म मौसम संबंधी कठिनाइयाँ, जिसके कारण साँस लेना मुश्किल<br>● मृत्यु के भय से मुक्त होकर साहस के साथ मोर्चे पर डटे रहना | 2 |
| | - | - | (ख) | ● मतभेद होते हुए भी मनभेद न होना<br>● आपसी मेल-जोल न घटना, भिन्नता का भाव न होना<br>● सकारात्मक रहते हुए प्रसन्नतापूर्वक विपत्तियों का सामना करना<br>● लक्ष्य पर केंद्रित होना<br>● अपने साथ-साथ दूसरों के भी कल्याण की भावना रखना<br>(किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) | 2 |
| | - | - | (ग) | ● शक्तिहीन एवं प्रदर्शन की वस्तु<br>● बच्चों की घुड़सवारी और चिड़ियों के बैठने की जगह<br>● गौरैया जैसी छोटी चिड़िया द्वारा तोप के मुँह में घुसकर उसका उपहास उड़ाना | 2 |
| | - | - | (घ) | विशेषताएँ -<br>● आत्मबल, साहस और पुरुषार्थ पर विश्वास<br>● ईश्वर के प्रति सदैव आस्था और विश्वास<br>(विद्यार्थियों के तर्कपूर्ण उपयुक्त उत्तर स्वीकार्य) | 2 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **11** | **11** | **11** | 7 | पूरक पाठ्य पुस्तक पर आधारित किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40 – 50** शब्दों में अपेक्षित – | (3x2 =6) |
| | (क) | - | - | क्या-<br>● अपने सगे भाइयों द्वारा प्रेम से अधिक धन को महत्त्व देते हुए हरिहर काका के जीवन को समाप्त करने का प्रयास<br>● जीवन के दो प्रमुख स्तंभ, धर्म और परिवार द्वारा छला जाना<br>● जमीन के लिए उन्हें बंदी बनाना, मारना-पीटना, उनके साथ दुर्व्यवहार करना<br>परिणाम-<br>● सांसारिक संबंधों से विरक्त होकर मौन हो जाना<br>● मृत्यु का भय समाप्त हो जाना<br>● धन, रिश्ते और समाज की चेतना से मुक्त हो जाना | 2+1 |
| | (ख) | - | - | ● शारीरिक बनावट और उसके मारने के तरीके के आधार पर<br>(विद्यार्थियों की समझ तथा उपयुक्त तर्क पर आधारित मुक्त उत्तर) | 1+2 |
| | (ग) | - | - | कारण-<br>● टॉयफाइड होने पर परीक्षा में न बैठ पाना<br>● पढ़ने का समय न मिल पाना<br>● परिवार में उपेक्षित महसूस करना<br>(विद्यार्थियों की समझ तथा उपयुक्त तर्क पर आधारित मुक्त उत्तर) | 2+1 |
| | - | (क) | - | कारण -<br>● अपने परिवार में डाँट-फटकार और मिलने वाली उपेक्षा<br>● इफ़्फ़न और इफ़्फ़न की दादी से मिलने वाला प्रेम और अपनत्व<br>क्या पता चलता है-<br>● रिश्तों का आधार धर्म, जाति या उम्र नहीं बल्कि प्रेम<br>● टोपी को अपने घर से अधिक इफ़्फ़न की हवेली से प्रेम और आत्मीयता | 2+1 |
| | - | (ख) | - | ● शिक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता<br>● नई चेतना और वैज्ञानिक आधार को अपनाना<br>● धर्म, जाति, समाज के बंधनों से मुक्त होकर वैश्विक सोच विकसित करना<br>● सरकारी सहायता का शिक्षा के प्रचार-प्रसार में योगदान | 3 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | - | (ग) | - | क्या-<br>● अपने सगे भाइयों द्वारा प्रेम से अधिक धन को महत्त्व देते हुए हरिहर काका के जीवन को समाप्त करने का प्रयास<br>● जीवन के दो प्रमुख स्तंभ, धर्म और परिवार द्वारा छला जाना<br>● जमीन के लिए उन्हें बंदी बनाना, मारना-पीटना, उनके साथ दुर्व्यवहार करना<br>परिणाम-<br>● सांसारिक संबंधों से विरक्त होकर मौन हो जाना<br>● मृत्यु का भय समाप्त हो जाना<br>● धन, रिश्ते और समाज की चेतना से मुक्त हो जाना | 2+1 |
| | - | - | (क) | कारण-<br>● अपने पिता के कलेक्टर होने का अहंकार<br>नहीं<br>(विद्यार्थियों की समझ तथा उपयुक्त तर्क पर आधारित मुक्त उत्तर) | 1+2 |
| | - | - | (ख) | ● मास्टर प्रीतमचंद सख्त, अनुशासन प्रिय, कठोर से दिखाई देने वाले व्यक्ति<br>● अच्छा कार्य करने पर शाबाशी देना<br>● मास्टर प्रीतमचंद का अपने तोतों के प्रति कोमल भावनाएँ | 3 |
| | - | - | (ग) | क्या-<br>● अपने सगे भाइयों द्वारा प्रेम से अधिक धन को महत्त्व देते हुए हरिहर काका के जीवन को समाप्त करने का प्रयास<br>● जीवन के दो प्रमुख स्तंभ, धर्म और परिवार द्वारा छला जाना<br>● जमीन के लिए उन्हें बंदी बनाना, मारना-पीटना, उनके साथ दुर्व्यवहार करना<br>परिणाम-<br>● सांसारिक संबंधों से विरक्त होकर मौन हो जाना<br>● मृत्यु का भय समाप्त हो जाना<br>● धन, रिश्ते और समाज की चेतना से मुक्त हो जाना | 2+1 |
| | | | | **खंड – घ**<br>**(रचनात्मक लेखन)** | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| **12** | **12** | 13 | 12 | किसी **एक** विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लेखन :<br>● विषय-वस्तु – 3 अंक<br>● भाषा – 1 अंक<br>● प्रस्तुति – 1 अंक | 5 **x** 1 **= 5** |
| **13** | **13** | **14** | **14** | किसी **एक** विषय पर लगभग 100 शब्दों में औपचारिक पत्र लेखन:<br>● आरंभ व अंत की औपचारिकताएँ – 1 अंक<br>● विषय-वस्तु – 3 अंक<br>● भाषा – 1 अंक | 5 **x** 1 **= 5** |
| **14** | **14** | **15** | **15** | किसी **एक** विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लेखन:<br>● विषय-वस्तु – 2 अंक<br>● प्रस्तुति – 1 अंक<br>● भाषा – 1 अंक | 4 **x** 1 **= 4** |
| **15** | **15** | **16** | **16** | किसी **एक** विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन :<br>● विषय-वस्तु – 1 अंक<br>● प्रस्तुति – 1 अंक<br>● भाषा – 1 अंक | 3 **x** 1 **= 3** |
| **16** | **16** | **12** | **13** | लघुकथा लेखन **अथवा** ई-मेल लेखन:<br>लघुकथा लेखन (लगभग 100 शब्दों में) –<br>● विषय-वस्तु – 3 अंक<br>● भाषा – 1 अंक<br>● प्रभाव – 1 अंक<br>**अथवा**<br>ई-मेल लेखन (लगभग 80 शब्दों में ) -<br>● औपचारिकताएँ – 1 अंक<br>● विषय-वस्तु – 2 अंक<br>● प्रस्तुति – 1 अंक<br>● भाषा – 1 अंक | 5 **x** 1 **= 5** |